# Bihar Board Class 9 Geography Solutions Chapter 9 क्षेत्रीय अध्ययन

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न 1.
क्षेत्र में जाकर इकट्ठे किये गये आँकड़ों को क्या कहा जाता है ?
(क) द्वितीयक आँकड़ा
(ख) प्राथमिक आँकड़ा
(ग) तृतीयक आँकड़ा
(घ) चतुर्थक आँकड़ा
उत्तर-
(ख) प्राथमिक आँकड़ा

प्रश्न 2.
ल में क्षेत्रीय अध्ययन है
(क) एक उपागम
(ख) एक विधितंत्र
(ग) एक सिद्धांत
(घ) एक मॉडल
उत्तर-
(क) एक उपागम

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1.
भौगोलिक अध्ययन में क्षेत्रीय अध्ययन के महत्त्व को स्पष्ट करें।
उत्तर-
क्षेत्रीय एक महत्त्वपूर्ण अंग है, भूगोल का । इसका महत्त्व इस बात पर निर्भर है कि यह एक उपागम है जिसके द्वारा क्षेत्र विशेष के मानव और इसके परिवेश के बारे में जानकारी प्राप्त की जाती है।

प्रश्न 2.
भूमि का कृषि के लिए उपयोग किस क्षेत्र में अधिक होता है ?
उत्तर-
जो क्षेत्र समतल, उपजाऊ एवं सिंचित हो, उसी में कृषि कार्य होता है।

प्रश्न 3.
वायु प्रदूषण से किस प्रकार की हानि होती है ?
उत्तर-
वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या है। वायु प्रदूषण से सबसे ज्यादा प्रभाव स्वास पर पड़ता है । साँस लेने के लिए


https://www.evidyarthi.in/

ऑक्सीजन का प्रयोग करते हैं, पर वायु प्रदूषित होने की वजह से ऑक्सीजन की मात्रा घटती जा रही है और कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ रही है। और यही प्रदूषित वायु हम साँस लेते हैं जिससे साँस संबंधी बीमारियाँ होती हैं। वायु के प्रदूषित होने से उसमें सी० एफ० सी० गैसों की मात्रा की अहम भूमिका होती है; इस गैस के बढ़ने से ओजोन परत का क्षय होने लगता है जिससे पाराबैगनी गैस की वायुमण्डल में वृद्धि होने लगती है जिससे जीव जन्तु में चर्म कैंसर की संभावना बढ़ जाती है और $SO_2$ की सान्द्रता बढ़ने से अम्ल की वर्षा होती है। प्रदूषण से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ जाता है।

प्रश्न 4.
जल-प्रदूषण से होनेवाली हानि की चर्चा करें।
उत्तर-
जल ही जीवन है। जल के बिना जीवन की कल्पना ही व्यर्थ है। लेकिन जल प्रदूषण होने से इसके कुप्रभाव हैं

- पारिस्थितिकी तंत्र असंतुलित हो जाता है। जलीय वनस्पति, मछलियाँ तथा उस जल को पीने वाले अन्य जीव मर जाते हैं।
- खेतों में सिंचाई के रूप में प्रदूषित जल प्रयोग करने से उत्पादन मात्रा घट जाती है।
- प्रदूषित जल में उपस्थित विषैले पदार्थ प्राकृतिक खाद्य-शृंखला (Food Chain) में प्रवेश कर जाते हैं तथा अप्रत्यक्ष रूप से अन्य जीवों तथा मनुष्यों को भी प्रभावित करते हैं।
- प्रदूषित जल, जल से फैलने वाली बीमारियों को फैलाते हैं-हैजा, तपेदिक, पीलिया, पेचिस, डायरिया आदि रोग महामारी के रूप में फैलते हैं।

प्रश्न 5.
वर्षा जल का संग्रहण किस प्रकार किया जाता है ?
उत्तर-
वर्षा जल का संग्रहण विभिन्न विधियों से किया जाता है।

- पहला यह है कि जल को विभिन्न प्रकार के भवनों की छतों से ही इकट्ठा कर लेना चाहिए।
- सीधे जमीन पर पड़ने वाले जल को तालाबों आदि में इकट्ठा कर लेना चाहिए । नाद में इसका प्रयोग भिन्न-भिन्न मदों में किया जाना चाहिए।
- वर्षा के मौसम में जब नदियों में बाढ़ आई हुई हो तो उस जल को गड्ढे में जमा कर लेना चाहिए ।

प्रश्न 6.
एक आरेख की सहायता से वर्षा जल संग्रहण को दिखाएँ ।
उत्तर-


पक्के पकानों की छतों से प्राप्त वर्षा जल को पाइप से कुएँ या जलाशयों में जमा किया जाता है।

प्रश्न 7.
क्षेत्रीय अध्ययन से क्या समझते हैं ? .
उत्तर-
क्षेत्रीय अध्ययन एक प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत किसी विशिष्ट क्षेत्र में निवास करनेवाले लोगों के जीवन पर स्थलाकृति, जलवायु, अपवाह, कृषि उत्पादकता, औद्योगिक विकास, नगरीकरण इत्यादि का स्पष्टत प्रभाव पड़ता है। इन बातों को समझने के लिए क्षेत्रीय अध्ययन किया जाता है।


https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 8.
क्षेत्रीय अध्ययन के क्या लाभ हैं ?
उत्तर-
क्षेत्रीय अध्ययन से निम्नलिखित लाभ है

- इससे क्षेत्र विशेष के मानव और इसके परिवेश की जानकारी मिलती है।
- मानवीय गतिविधियों एवं क्रियाकलापों की जानकारी मिलती है।
- क्षेत्र विशेष में निवास करने वाले लोगों के जीवन पर स्थलाकृति, जलवायु, अपवाह, कृषि उत्पादकता, औद्योगिक विकास, नगरीकरण आदि की जानकारी मिलती है।


चित्र : वर्षा जल संग्रहण

प्रश्न 9.
क्षेत्र का चयन करते समय किन बिन्दुओं पर ध्यान देना चाहिए ?
उत्तर-
क्षेत्र चयन हेतु इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि उस क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों को उसमें शामिल किया जाय। जैसे-किसी क्षेत्र के जलस्तर में गिरावट, भूमि उपयोग, प्रदूषण के विभिन्न प्रकार जैसे-वाय प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण आदि।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1.
नीचे दी गई सारणी का अध्ययन कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दें-

| प्रमुख भू-उपयोग | वर्ष | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1801 | 1850 | 1920 | 1950 | 1980 | 2000 |
| वन | 6215 | 5960 | 5675 | 5382 | 5052 | 3454 |
| फसल क्षेत्र | 6862 | 6832 | 6745 | 6780 | 6788 | 3426 |
| तृण भूमि | 365 | 538 | 915 | 1170 | 1500 | 1513 |

(क) उस भू-उपयोग वर्ग का नाम लिखें जिसका क्षेत्रफल लगातार घट रहा है?
(ख) फसल क्षेत्र के लगातार बढ़ने का मुख्य कारण स्पष्ट करें।
(ग) किस भू-उपयोग वर्ग के अंतर्गत सबसे कम भू-क्षेत्र का उपयोग हुआ है ?
उत्तर-
(क) वन-
(ख) देश की जनसंख्या लगातार बढ़ने के कारण खाद्यान्न की समस्या उत्पन्न हो रही हैं और खाद्यान्न की समस्या


https://www.evidyarthi.in/

को दूर करने के लिए फसलों का अधिक उत्पादन किया जा रहा है जिसके फलस्वरूप फसल क्षेत्र लगातार बढ़ रहे हैं।
(ग) तृषा भूमि।

प्रश्न 2.
क्षेत्र अध्ययन के लिए प्रश्नावली के विभिन्न विधियों की चर्चा करें।
उत्तर-
क्षेत्र अध्ययन विधि में लोगों से प्रश्न पूछे जाते हैं। प्रश्नों को
आवश्यकता के अनुसार पहले ही शिक्षक की सहायता से तैयार कर लिया जाता है। सर्वेक्षण के लिए अनेक प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं। प्रश्नों की प्रकृति, वांछित आँकड़ों की प्रकृति तथा वहाँ के लोगों की पृष्ठभूमि पर निर्भर करती है।

कुछ प्रश्नों के उत्तर 'हाँ' या 'नहीं' में होगा । बहुविकल्प वाले प्रश्नों के उत्तर में कुछ विकल्प दिए जाते हैं उनमें से केवल एक ही सही होता है। प्रश्नावली के द्वारा जानकारी इकट्ठा इकट्ठी की और प्राप्त आँकड़ों का अध्ययन कर प्रतिवेदन तैयार किया जाता है । जैसे-बिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का अध्ययन किसी गाँव या नगर की भूमि के उपयोग में क्या परिवर्तन आया है?

नगर में वाहनों की संख्या में वृद्धि से प्रदूषण के स्तर में कितनी वृद्धि हुई। इस तरह की प्रश्नावली तैयार की जाती है।

प्रश्न 3.
वायु प्रदूषण के चार स्रोतों का वर्णन करें।
उत्तर-
वायु प्रदूषण के चार स्रोत
(i) उद्योगों से निकलने वाली गैस तथा अन्य उपशिष्ट
(ii) वाहनों द्वारा उत्सर्जित गैसीय एवं कणिकीय पदार्थ
(iii) शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में उत्सर्जित गैस तथा
(iv) नाभिकीय परीक्षण ।

(a) वायुमंडल में कार्बन डाइ-ऑक्साइड ($CO_2$) गैस की सामान्य मात्रा है 0.03% पर इसकी मात्रा तेजी से बढ़ रही है। उसका कारण है लकड़ी, कोयला तथा अन्य जैविक पदार्थों का दहन, उद्योग, वाहन आदि इस गैस के मुख्य स्रोत हैं।
(b) कार्बन मोनोऑक्साइड-यह अत्यन्त ही हानिकारक वायु प्रदूषक गैस है। यह पेट्रोल तथा डीजल चालित वाहनों से उत्सर्जित होती है। कई बड़े उद्योगों में यह मुख्य प्रदूषक के रूप में वायुमंडल में उत्सर्जित होती है। महानगरों एवं नगरों में इसकी संभावना अधिक रहती है।।
(c) सल्फर डाइ ऑक्साईड ($SO_2$)-गंधक युक्त गैस भी वायुमंडल के मुख्य प्रदूषकों में से एक है। यह तेल शोधक कारखानों तथा वाहनों से निकलती हैं।
(d) क्लोरोफ्लूरो कार्बन गैस (CFCgas)-कार्बन तत्वों से इस गैस का निर्माण होता है। इसका सीधा असर वायुमंडल के ओजोन परत के क्षारण में यह सक्रिय भूमिका निभाती है।

क्षेत्रीय अध्ययन : प्रश्नावली मॉडल


https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 1.
क्षेत्र का नाम
उत्तर-
आरा ।

प्रश्न 2.
उत्तरदाता का नाम एवं पता।
उत्तर-
उदय सिंह ग्राम + पो०-आरा, जिला-आरा, बिहार ।

प्रश्न 3.
क्या कृषि क्षेत्र में वृद्धि हुई है ?
उत्तर-
हाँ।

प्रश्न 4.
क्या आपके गाँव में नलकूप है ?
उत्तर-
हाँ।

प्रश्न 5.
कुएँ का जलस्तर पिछले पाँच वर्षों में बढ़ा है या घटा है ?
उत्तर-
घटा है।

प्रश्न 6.
सिंचाई के कौन-कौन से साधन इस क्षेत्र में उपलब्ध हैं ?
उत्तर-
नलकूप और सोन नदी।

प्रश्न 7.
एक वर्ष में कौन-कौन-सी बीमारियाँ बड़े स्तर पर उस क्षेत्र में हुई हैं?
उत्तर-
हैजा एवं पीलिया ।

प्रश्न 8.
अध्ययन क्षेत्र में किस प्रकार का प्रदूषण है ?
उत्तर-
जल प्रदूपण।

प्रश्न 9.
जल-स्तर के घटने के क्या कारण हैं ?
उत्तर-

नलकूपों की अधिकता।

प्रश्न 10.
क्या आप वर्षा जल का संग्रह करते हैं ?
उत्तर-
नहीं।

प्रश्न 11.
आप वर्ष में कौन-कौन सी फसलें उत्पन्न करते हैं ?
उत्तर-
धान, गेहूँ, दलहन, तेलहन, चना तथा मटर ।


https://www.evidyarthi.in/